

टी20 ट्रॉफी जीतने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई टीम होने पर गर्वः फिंच

फिंच ने कहा कि उनकी टीम को खेल के सबसे छोटे फॉर्मेट में ट्रॉफी जीतने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई टीम बनने पर बहुत गर्व है। मैच के बाद प्रजेंटेशन में फिंच ने कहा, श्ऐसा करने में सक्षम होने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई टीम बनने के लिए यह बहुत बड़ी बात है, हमें बहुत गर्व है। हमारे पास कुछ बेहतरीन व्यक्तिगत प्रदर्शन थे। हमारी पूरी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। वनडे के बाद टी20 वर्ल्ड कप का भी फाइनल हारने वाले कप्तान केन विलियमसन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया शानदार टीम है और उन्होंने हमें बिल्कुल भी मौका नहीं दिया।

## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों ने जूते में डालकर पी बीयर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। ऑस्ट्रेलियाई टीम क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में भी चैंपियन बन गई है। रविवार को फाइनल मुकाबले में कंगारुओं ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हरा दिया। वर्ल्ड कप जीत का जश्न भी शानदार मना। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और आईसीसी ने खूब वीडियोज शेयर किए हैं। आईसीसी ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के ड्रेसिंग रूम के भीतर हुए सेलिब्रेशन का वीडियो वायरल है। कारण, इसमें प्लेयर्स अनूठे तरीके से सेलिब्रेट कर रहे हैं। जूतों में बीयर भरकर खिलाड़ी पीते नजर आए। अब ट्विटर पर लोग पूछ रहे हैं ऐसे कौन सेलिब्रेट करता है भाई? मार्कस स्टॉयनिस हों या मैथ्यू वेड या कप्तान एरोन फिंच... कंगारू टीम के खिलाड़ियों ने जूतों में बीयर भरी और जोश–जोश में पी गए। अब लोग कह रहे हैं कि सेलिब्रेशन का यह तरीका बड़ा बेहूदा है। एक यूजर ने लिखा है कि ये कैसा सेलिब्रेशन है... वे ऐसे जूतों में पी रहे हैं जिन्हें पहनकर 5 घंटे तक खेले हैं। ICC के ट्विटर हैंडल को टैग कर बहुतों ने पूछा है कि आखिर ये जूता किस खिलाड़ी का है? नया है या पुराना? कई यूजर्स ने लिखा कि उन्होंने ऐसा जश्न पहली बार देखा है।

# आईसीसी के टी20 वर्ल्ड कप टीम सिलेक्शन पर बवाल

क्रिकेट

## आइसीसी द्वारा चुनी गई टी20 वर्ल्ड कप 2021 की बेस्ट प्लेइंग इलेवन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। भारत का कोई भी क्रिकेटर आईसीसी टी20 विश्व कप की 'टूर्नामेंट की टीम' में शामिल नहीं है, जबकि श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों को पाकिस्तान के बाबर आजम की अगुवाई वाली इस 12 सदस्यीय टीम में जगह मिली है। भारतीय टीम टूर्नामेंट के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पायी थी। उसे पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद उसने अफगानिस्तान, स्कॉटलैंड और नामीबिया को हराया था।

ज्यूरी सदस्यों को कोई भी भारतीय खिलाड़ी इस टीम में जगह बनाने के लायक नहीं लगा जबकि दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम और एनरिच नॉर्त्जे तथा श्रीलंका के चरित असलंका और वानिंदु हसरंगा को इसमें चुना गया है। ये दोनों टीमें भी सेमीफाइनल में जगह नहीं




बना पायी थी। चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, उपविजेता न्यूजीलैंड, सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले इंग्लैंड और पाकिस्तान के खिलाड़ियों को टीम में चुना गया है। पहली बार चैंपियन बने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सलामी बल्लेबाज और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी डेविड वॉर्नर, लेग स्पिनर एडम जंपा और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को टीम में लिया गया है। इंग्लैंड के जोस बटलर विकेटकीपर और मोईन अली ऑलराउंडर के रूप में टीम में शामिल हैं जबकि न्यूजीलैंड से ट्रेंट बोल्ट ने इसमें जगह बनायी है। पाकिस्तान के बाबर को टीम का कप्तान बनाया गया है जबकि टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले हसरंगा को भी टीम में लिया गया है।

ज्यूरी के एक सदस्य, वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप ने कहा, 'प्रत्येक टीम के चयन की तरह इस टीम पर भी चर्चा होगी। पैनल इस तरह की चर्चा का सम्मान करता है। इस तरह के प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट से टीम का चयन करना बेहद मुश्किल था। चयन का मुख्य आधार सुपर 12 से फाइनल तक के मैच रहे।'

**टीम इस प्रकार हैः** डेविड वॉर्नर (ऑस्ट्रेलिया), जोस बटलर (विकेटकीपर, इंग्लैंड), बाबर आजम (कप्तान, पाकिस्तान), चरित असलंका (श्रीलंका), एडेन मार्कराम (दक्षिण अफ्रीका), मोईन अली (इंग्लैंड), वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका), एडम जंपा (ऑस्ट्रेलिया), जोश हेजलवुड (ऑस्ट्रेलिया), ट्रेंट बोल्ट (न्यूजीलैंड), एनरिच नॉर्त्जे (दक्षिण अफ्रीका)। 12वां खिलाड़ी–शाहीन अफरीदी (पाकिस्तान)।

# पाकिस्तान के बाबर आजम को नहीं मिला प्लेयर ऑफ द टूर्नमेंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने बाबर आजम को टी20 वर्ल्ड कप 2021 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट नही चुने जाने पर नाखुशी जाहिर की है। रविवार को टी20 वर्ल्ड कप 2021 के फाइनल के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी डेविड वॉर्नर को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

46 वर्षीय इस पूर्व खिलाड़ी ने ट्विटर पर लिखा कि उन्हें उम्मीद थी कि पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम को यह पुरस्कार दिया जाना चाहिए था। अख्तर ने इसके पीछे तर्क दिया कि बाबर आजम इस वर्ल्ड कप में शानदार फॉर्म में थे। उनके कहने का अर्थ है कि डेविड वॉर्नर को यह सम्मान




दिया जाना जायज नहीं है।

आईसीसी इवेंट में अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी के लिए बाबर आजम को हर ओर से तारीफ मिली। आजम ने छह मैचों में 303 रन बनाए। बाबर इस साल इवेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला बल्लेबाज रहे। आजम ने इस साल टी20 वर्ल्ड कप में चार हाफ सेंचुरी लगाईं।

ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर जिन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नमेंट चुना गया वह भी अच्छी लय में नजर आए। बाएं हाथ के यह बल्लेबाज टूर्नमेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में दूसरे नंबर पर रहा। उन्होंने सात मैचों में तीन हाफ सेंचुरी की मदद से 289 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को हुए मुकाबले में कीवी टीम पर 8 विकेट से जीत हासिल की। यह कंगारू टीम की टी20 वर्ल्ड कप में पहली जीत थी। न्यूजीलैंड ने कप्तान केन विलियमसन के 48 गेंद पर 85 रन की मदद से 172 रन का मजबूत स्कोर बनाया। जोश हेजलवुड ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण के अगुआ रहे। उन्होंने चार ओवरों में सिर्फ 16 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलियाने इस लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। मिशेल मार्श ने नाबाद 77 रन बनाए। वहीं डेविड वॉर्नर ने भी 53 रन की उपयोगी पारी खेली।

## थोड़ा कन्फ्यूज हो गया था, मैं वह बोलर नहीं बन सकता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल टी20 वर्ल्ड कप की भारतीय टीम में शामिल नहीं थे। क्रिकेट जगत को इस बात से काफी हैरानी हुई। बीते चार साल से, सीमित ओवरों में वह भारतीय टीम का अहम हिस्सा रहे। कलाई के स्पिनर्स पर भरोसा करने की भारतीय रणनीति में चहल पूरी तरह फिट साबित हुए। हालांकि चहल की जगह पर राहुल चाहर को शामिल किया गया। वजह बताई गई कि चाहर की रफ्तार ज्यादा है। हालांकि आईपीएल में चहर का प्रदर्शन लगातार बेहतर होता गया। ऐसा लगा जैसे वह अपने खेल से सिलेक्टर्स को ताना मार रहे हैं। हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में उनकी वापसी हो गई है। जयपुर में बायो–बबल में एंट्री से पहले उन्होंने कई मुद्दों पर बात की। मुझे चार साल तक ड्रॉप नहीं किया गया था और फिर मुझे इतने बड़े इवेंट के लिए ड्रॉप कर दिया गया। मुझे बहुत बुरा लगा। दो–तीन दिन तक मुझे कुछ समझ नहीं आया।

## न्यूज डायरी



### आस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद न्यूजीलैंड के कप्तान बोले, यह शर्म की बात है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी टी20 2021 के फाइनल मैच में न्यूजीलैंड की टीम उस समय तक मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ बनी हुई थी, जब कंगारू टीम ने 173 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने कप्तान आरोन फिंच को खो दिया था। हालांकि, इसके बाद एक भी ऐसा पल नहीं आया जब लगा हो कि यहां से न्यूजीलैंड की टीम वापसी कर सकती है। न्यूजीलैंड की टीम को आठ विकेट इस खिताबी मैच में हार मिली और विश्व कप जीतने का सपना चकनाचूर हो गया। मैच के बाद न्यूजीलैंड टीम के कप्तान केन विलियमसन ने हार का कारण बताया। हालांकि, कप्तान केन विलियमसन ने अपनी टीम की तारीफ की और कहा कि हम पूरे टूर्नामेंट में अच्छा खेले, लेकिन आज का दिन हमारा नहीं था। यह शर्म की बात है कि हम फाइनल मैच हार गए। इस मुकाबले में कप्तान केन विलियमसन ने 48 गेंदों में 85 रन की पारी खेली। इसी के दम पर कीवी टीम ने बड़ा स्कोर हासिल किया था, जिसे बाद में कंगारू टीम ने बौना साबित कर दिया।

### आईपीएल क्रिकेट की दुनिया की दुधारू गाय है, इसे बंद नहीं कर सकतेः शास्त्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट जगत के लिए काफी अहम है। उन्होंने कहा कि उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता कि लोग इस टूर्नामेंट के बारे में क्या कहते हैं। शास्त्री ने कहा कि आईपीएल दुधारू गाय है और खेल के अन्य प्रारूपों के फलने–फूलने के लिए यह जरूरी है। पूर्व कोच ने आईपीएल के आर्थिक पहलू की ओर ध्यान दिलाया। उनका कहना है कि आईपीएल से काफी कमाई होती है। 59 वर्षीय शास्त्री ने कहा कि आईपीएल से होने वाली कमाई को खेल के अन्य प्रारूपों के विकास में इस्तेमाल की जा सकती है। इससे खेल को घरेलू और जमीनी स्तर पर बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आईपीएल बहुत जरूरी है। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता कि लोग क्या सोचते हैं। बाकी प्रारूपों को बचाने के लिए आईपीएल रूपी दुधारू गाय का होना जरूरी है। आपको उसका आयोजन करवाना है, पैसे कमाने है, जमा करने हैं और फिर इसे अलग प्रारूपों पर खर्च करने हैं।

### ये आस्ट्रेलियाई धुरंधर पूरे टूर्नामेंट में रहा फ्लाप, फिर भी रच दिया इतिहास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया ने आइसीसी टी20 विश्व कप 2021 का खिताब जीतकर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करवाया। भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बाद इसे जीतने वाली टीम बन गई। न्यूजीलैंड को फाइनल में एकतरफा मैच में हराकर टीम ने पहली बार इस खिताब पर कब्जा जमाया। इसी के साथ आरोन फिंच इसे जीतने वाले पहले कप्तान बन गए। यह कंगारू टीम का आठवां आइसीसी खिताब है। विश्व कप में टीम की जीत का श्रेय अनुभवी बल्लेबाज डेविड वार्नर को जाता है। उन्होंने लगातार हर मैच में रन बनाए और टीम को जीत की नींव तैयार की। सेमीफाइनल में 49 रन बनाए तो वहीं फाइनल में उनके बल्ले से 53 रन निकले। इन सबके बीच मैथ्यू वेड, मार्कस स्टोइनिस और मिचेल मार्श ने धमाकेदार खेल दिखाया।

### 2023 के बाद संन्यास की योजना बना रहे हैं तेज गेंदबाज वहाब रियाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज वहाब रियाज भारत में 2023 में होने वाले वनडे विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं। इस 36 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अब तक 27 टेस्ट, 91 वनडे और 36 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं लेकिन वह पिछले कुछ समय से पाकिस्तानी टीम के नियमित सदस्य नहीं हैं और उन्हें टी20 विश्व कप की टीम में भी नहीं चुना गया था। वहाब ने एक साक्षात्कार में कहा, 'हर किसी को एक दिन क्रिकेट को अलविदा कहना होता है। अगर मैं पूरी तरह फिट रहूं और खेल के लिए मेरा जुनून भी बना रहे तो मेरा लक्ष्य 2023 विश्व कप तक खेल जारी रखना है।